तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 24 मई 2026

13 सुशासन तिहार में विधायक गोयल ने किया ...



12 मुसुरपुट्टा के सुशासन तिहार में पानी-खाद व बंद ...








## फ्रिज-एसी खराब होने से नाराज शहरवासियों ने कहा-कौन करेगा भरपाई ?

# बार-बार बिजली गुल होने पर फूटा गुस्सा और उपभोक्ताओं ने ढाई घंटे तक यातायात किया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला मुख्यालय कांकेर में बिजली व्यवस्था को लेकर लंबे समय से हो रही अव्यवस्था पर शहरवासियों का आक्रोश आखिरकार शुक्रवार की रात सड़क पर उतर आया। लगातार ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज और मेंटेनेंस के नाम पर रोजाना घंटों बिजली बंद किए जाने से परेशान शहरवासियों ने कोमलदेव क्लब के पास चक्काजाम कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हालात ऐसे बने कि करीब ढाई घंटे तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और बिजली विभाग के खिलाफ लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आया।

- बिजली विभाग विरोध के बाद बैकफुट पर, विरोध का दिखा प्रभाव



शहरवासियों का कहना था कि कांकेर में प्रतिदिन पांच से छह बार बिजली ट्रिप होना आम बात बन चुकी है। इसके अलावा किसी न किसी फीडर में मेंटेनेंस के नाम पर हर दूसरे दिन एक से दो घंटे तक बिजली काट दी जाती है। अचानक बिजली बंद होने और वोल्टेज में लगातार उतार-चढ़ाव के कारण कई घरों में फ्रिज, एसी और कूलर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो चुके हैं। इससे लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ रही थी। बीती रात प्रदर्शन के दौरान शहरवासियों ने साफ कहा कि जब तक विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर समस्या का समाधान नहीं बताते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि ढाई घंटे तक चले चक्काजाम के दौरान बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता मौके पर नहीं पहुंचे। बताया गया कि दोनों अधिकारी मुख्यालय में मौजूद ही नहीं थे। इससे लोगों का गुस्सा और भड़क गया। स्थिति संभालने के लिए विभाग की ओर से जेई आकाश रंजन को मौके पर भेजा गया, लेकिन उन्होंने भी बड़े निर्णय लेने का अधिकार उच्च अधिकारियों के पास होने की बात कही। इससे प्रदर्शनकारी और नाराज हो गए। लोगों का कहना था कि जब शहर अंधेरे और अव्यवस्था से जूझ रहा है, तब जिम्मेदार अधिकारी मुख्यालय से गायब हैं।

**विभाग ने निर्णय तत्काल लिए :** जनदबाव बढ़ने के बाद बिजली विभाग को तत्काल कुछ फैसले लेने पड़े। विभाग ने शनिवार 23 मई को प्रस्तावित बिजली बंद की सूचना को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया। साथ ही शहरवासियों को जानकारी देने के लिए "विद्युत संवाद कांकेर शहर सीएसपीडीएल" नाम से नया ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें बिजली कटौती और मेंटेनेंस संबंधी सूचनाएं साझा की जाएंगी। इसके अलावा 23 मई को सुबह के समय दो से तीन बार ट्रिपिंग होती थी, वो सिविल लाइन फीडर में नहीं हुई। दोपहर को जंपर कटने पर 20 मिनट बिजली बाधित हुई।

**विभाग आने वाले समय में लेता ही कितनी गंभीरता :** हालांकि शहरवासियों का कहना है कि केवल ग्रुप बनाने या सूचना स्थगित करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। जब तक ट्रिपिंग और अनियमित बिजली कटौती पर स्थायी नियंत्रण नहीं किया जाता, तब तक लोगों का आक्रोश शांत होना मुश्किल है। अब देखना होगा कि विरोध के बाद बिजली विभाग व्यवस्था सुधारने के लिए कितनी गंभीरता दिखाता है।

### प्रदर्शनकारियों ने रखी माँग

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने विभाग के सामने कई मांगें रखीं। शहरवासियों ने कहा कि सबसे पहले दिनभर होने वाली लगातार ट्रिपिंग बंद की जाए। मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही अनावश्यक बिजली कटौती रोकी जाए और यदि किसी कारणवश बिजली बंद करनी पड़े तो उसकी सूचना तय नियमों के अनुसार पहले जारी की जाए। इसके अलावा शिकायतों के लिए बनाए गए पुराने व्हाट्सएप ग्रुप को "ओनली एडमिन" मोड से हटाने की मांग भी उठाई गई, ताकि आम लोग अपनी समस्याएं सीधे साझा कर सकें।

## खबर संक्षेप

### मौत का कारण अज्ञात जाँच जारी

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर में इलाज करवा रहे 47 वर्षीय शेर सिंह राणा पिता अंजोर की 22 मई को अज्ञात कारणों से मौत हो गई थी। कांकेर थाना में जीरो में मर्ग कायम कर डायरी संबंधित थाना कोरर भेजी गई। पुलिस के अनुसार घटना की परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं हो सकी हैं तथा मौत के कारणों का पता लगाने जांच जारी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** जिले के गोंडाहूर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 33 वर्षीय धनंजय देवनाथ पिता निमई निवासी पीव्ही 01 के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों का खुलासा जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### सुर संग्राम स्पर्धा आज प्रतिमाओं को मिला मंच

**भानुप्रतापपुर।** क्षेत्र की उभरती हुई गायन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से भानुप्रतापपुर कला मंच द्वारा सुर संग्राम सीजन 02 का आयोजन किया जा रहा है। स्व प्रीतम दास कुलदीप की स्मृति में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के युवाओं और संगीत प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता का ऑडिशन एवं फाइनल कार्यक्रम आज 24 मई को विधायक भवन भानुप्रतापपुर में आयोजित किया जाएगा। ऑडिशन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा, जबकि फाइनल मुकाबला शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 30 हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 15 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 7 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

## ठेकेदार पर मजदूर दंपति से मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज

**कांकेर ।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र में एक ठेकेदार द्वारा मजदूर दंपति के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित कमलकांत साहू ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए ठेकेदार गेंदलाल साहू पर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में मजदूरों की सुरक्षा और व्यवहार को लेकर चर्चा तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 12 आजादनगर भानुप्रतापपुर निवासी कमलकांत साहू ड्रायवरी का कार्य करता है, जबकि उसकी पत्नी लोचन साहू ठेकेदार गेंदलाल साहू के अधीन रहकर कुली मजदूरी का काम करती थी। बताया जा रहा है कि काम के दौरान लोचन साहू ने अपना कुछ सामान ठेकेदार के घर ग्राम संबलपुर में रखा था। गुरुवार 22 मई 2026 की सुबह करीब 8 बजे कमलकांत साहू अपनी पत्नी के साथ सामान वापस लेने ठेकेदार के घर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहुंचते ही ठेकेदार गेंदलाल साहू ने लोचन साहू के साथ अभद्र भाषा में गाली-गलौज शुरू कर दी। जब कमलकांत साहू ने इसका विरोध किया तो ठेकेदार कथित रूप से आवेश में आ गया और अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद हाथ-मुक्के से मारपीट कर दी, जिससे कमलकांत साहू के गले में चोट आई है। घटना के दौरान पत्नी लोचन साहू ने बीच-बचाव किया। पीड़ित ने बताया कि घटना की जानकारी मकान मालकिन को भी दी गई है। घटना को लोचन साहू ने प्रत्यक्ष रूप से देखा और सुना है।



पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाके में इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

## मोबाइल टॉवर की बैटरी चोरी करने वाला अंतर जिला गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिओ टॉवर बैटरी चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में रावघाट पुलिस को सफलता मिली है। चोरी करने वाले खास बात यह रही कि आरोपी जिओ कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ही निकले, जिन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर लाखों रुपये की बैटरियां चोरी कर कबाड़ी को बेच दी थीं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 9 लाख रुपये का सामान बरामद किया है।





मामला थाना रावघाट क्षेत्र का है, जहां ग्राम वरचे स्थित जिओ कंपनी के टॉवर से 72 नग बैटरियां चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी की शिकायत पर थाना रावघाट में अपराध क्रमांक 03/2026 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस को दल्लीराजहरा निवासी देवराज बघेल और माखन तुमरेकी पर संदेह हुआ। पूछताछ में दोनों ने अपने साथियों एलीम मसीह, राजेश यादव और राजेश नेताम के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया, यह सभी आरोपी दल्लीराजहरा के ही निवासी है। आरोपियों ने बताया कि वे वेन्यू कार, स्विफ्ट डिजायर और पिकअप वाहन का उपयोग कर जिओ टॉवर की बैटरियां चोरी करते थे और बाद में कबाड़ी को बेच देते थे। चोरी से मिले पैसों को सभी आरोपी आपस में बांट लेते थे।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त वेन्यू कार, 24 नग जिओ बैटरी, जिओ कंपनी का जैकेट व हेलमेट, पाना-पेचकस और 5300 रुपये नगद जब्त किए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत लगभग 9 लाख रुपये बताई जा रही है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है, वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## युवक ने पिया जहर, हुई मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत जयराम नगर निवासी 19 वर्षीय मुकेश मंडल पिता मनोरंजन मंडल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि उन्होंने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उनकी तबियत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा तत्काल उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना अस्पताल से पुलिस को मेमो के माध्यम से दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



